दिन– सोमवार दिनांक– 10 / 03 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से शुरू हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सदन में मतदाता सूची का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि संसद में इस विषय पर चर्चा होनी चाहिए। शून्यकाल के दौरान श्री गांधी ने कहा कि पूरा विपक्ष मतदाता सूची पर चर्चा की मांग कर रहा है। इधर, आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही डीएमके सांसदों ने नई शिक्षा नीति और त्रिभाषा फॉर्मूले पर हंगामा शुरू कर दिया। ये सभी शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के नजदीक पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। इस पर शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि डीएमके का एक मात्र उद्‌देश्य भाषा की बाधाएं खड़ी कर छात्रों का भविष्य खराब करना है।

————————————————————————

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने कहा है कि जल जीवन मिशन के कारण अस्सी प्रतिशत से अधिक ग्रामीण घरों में नल से पानी मिल रहा है। राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न के उत्तर में श्री पाटिल ने कहा कि दो हजार उन्नीस में केवल सोलह प्रतिशत ग्रामीण घरों में नल से पानी के कनेक्शन थे। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के अनुसार इस मिशन के कारण जलजनित बीमारियों से होने वाली मौतों में कमी आई है।

————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना के कार्यान्वयन के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जायेगा। विधान सभा में एक प्रश्न के उत्तर में उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि यह समिति सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के वैज्ञानिक तरीके से इस्तेमाल पर सुझाव देगी। श्री मिश्रा ने कहा कि वित्तीय वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस के लिए चालीस हजार से अधिक जबकि वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए लगभग साठ हजार लाभार्थियों का चयन किया

गया है। उद्योग मंत्री ने कहा कि जिन चौरानवे लाख अति गरीब परिवारों की पहचान की गयी है उन्हें मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना और स्टार्ट अप योजना के दायरे में भी लाया जायेगा। श्री मिश्रा ने यह भी बताया कि प्रथम किस्त के लिए दोनों चरणों में कुल तीन सौ इक्कीस करोड़ अड़सठ लाख रुपये का अनुदान प्रदान किया गया है ।

---

आरा नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपाली चौक के पास अपराधियों ने एक आभूषण शोरूम से करोड़ों रुपये मूल्य के जेवरात लूट लिए। पुलिस अधीक्षक मिस्टर राज ने बताया कि छह से सात की संख्या में आए अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को अंजाम दिया। अपराधियों ने शोरूम में घुसने के बाद शटर बंद कर जेवरात लूटे। उन्होंने बताया कि कितने मूल्य के जेवरात की लूट हुई है, इसकी जांच जारी है। अपराधियों ने शोरूम के गार्ड से बंदूक भी लूट ली। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

---

पुरवा हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तैंतीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की और बढ़ोतरी हो सकती है।

---

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की शुरूआत हुई। इस प्रतियोगिता में छब्बीस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के महिला और पुरूष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता बारह मार्च तक चलेगी।

———————————————————————————

पटना के बुद्धा कॉलोनी थाना अंतर्गत बिहार राज्य भारत स्काउट एंड गाईड कार्यालय परिसर में अपराधियों ने एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के अंबा थाना क्षेत्र के काम बिगहा गांव में पुलिस ने छापेमारी कर पांच तस्करों को भारी मात्रा मे शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अररिया जिले की उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के दोषी सिकंदर बहरदार को छह वर्ष कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

समाप्त